सर्वतोमुखी इस्पात कारखानों के अलावा पुनर्बेलक भी हैं, जिन्हें दो वर्गों में बांटा जा सकता है, जैसे–रद्दी माल का उपयोग करने वाले और बिलेट का उपयोग करने वाले। सरकार द्वारा नियुक्त की गई एक तकनीकी समिति ने 1966 में रिपोर्ट दी थी कि देश की समस्त क्षमता को देखते हुये नई पुनर्बेलन क्षमता के निर्माण की गुंजाइश नहीं है। सरकार ने यह सिफारिश स्वीकार कर ली है। फिर भी, कमी वाले क्षेत्रों में नई मिलों की स्थापना के प्रस्तावों पर गुण-दोष के आधार पर विचार किया जाता है।

30–11–68 तक पुनर्बेलकों ने लगभग 1.6 लाख टन छड़ और कोण निर्यात किये जिनका मूल्य 9.4 करोड़ रुपये है।

तार बनाने वाले उद्योग

देश में तार बनाने वाले उद्योग के विकास के प्रोत्साहन के उद्देश्य से, ताकि विशिष्ट और पतली किस्म के तार देश में ही बन सकें, जिनका आज तक आयात किया जाता था, सरकार ने निश्चय किया है कि सभी गेज के विशेष तारों और 16 गेज से अधिक पतले दूसरे किस्म के तारों के उत्पादन पर से लाइसेंस हटा लिया जाये। इस समय देश में तार बनाने वाली ड्राई और 'वेट' दोनों किस्म की मशीनें उपलब्ध हैं। भिलाई में राड मिल के कार्य आरम्भ कर देने से 'हाई कार्बन' वायर राड की उपलब्धि भी बढ़ गई है। उद्योग को निर्यात के लिए पर्याप्त प्रोत्साहन देने के प्रश्न पर भी निर्णय कर लिया गया है। अब यह उद्योग बाहर के देशों को भी माल भेज सकेगा।

पिण्ड/बिलट

विद्युत भट्ठियों द्वारा रद्दी माल से पिण्ड/बिलेट के उत्पादन पर से (लगातार ढलाई वाली अथवा दूसरी किस्म की इकाइयों पर से) लाइसेंस हटा लिया गया है। इस उद्योग के लिए आवश्यक कच्चा माल तथा उपकरण देश में उपलब्ध हैं।

कच्चा लोहा

इस समय निजी/सार्वजनिक क्षेत्रों की कच्चे लोहे के उत्पादन की वर्तमान क्षमता लगभग 2 लाख टन की है और कुल मंजूर-शुदा क्षमता 12 लाख टन है। कच्चे लोहे के उत्पादन के लिए आवश्यक प्रमुख संयंत्र अर्थात् धमन भट्ठी अब देश में ही बनने लगा है। लेकिन इस क्षमता की स्थापना की दिशा में उद्योगपतियों ने कोई विशेष प्रगति नहीं दिखाई है।

टिन प्लेट

इस समय निजी क्षेत्र में अधिष्ठापित क्षमता 150,000 टन के लगभग है। इसके अलावा टिन प्लेट कम्पनी आफ इन्डिया की विस्तार योजना पूरी हो जाने पर 90,000 टन की और अधिक क्षमता हो जायेगी जिससे इसका वार्षिक उत्पादन 70,000 टन से बढ़कर 160,000 टन के लगभग हो जायेगा।

मिश्र-इस्पात

निजी-क्षेत्र में मिश्र-इस्पात के उत्पादन की कई योजनाएं मंजूर की गई हैं, जिनमें स्प्रिंग स्टील, फ्री-कटिंग स्टील, एलाय कन्सट्रक्शनल स्टील, स्टेनलेस स्टील, हाई स्पीड टूल और ड्राई स्टील आदि का उत्पादन होगा। इस समय निजी क्षेत्र के सभी कारखानों की मंजूर-शुदा क्षमता 290,000 टन है। इसमें से लगभग 100,000 टन की क्षमता उत्पादन कर रही है। इनके अतिरिक्त मैसूर आइरन एण्ड स्टील कम्पनी लिमिटेड भी जब इसका नया कारखाना इस वर्ष पूर्ण रूप से उत्पादन करने लगेगा तो लगभग 77,000 टन मिश्र और विशेष इस्पात का उत्पादन करेगी।

मैसूर आइरन एण्ड स्टील लिमिटेड

(मैसूर सरकार का उपक्रम)

वर्तमान सुविधाओं को मिश्र और विशेष इस्पात के उत्पादन की सुविधाओं में बदलने का कार्य तेजी से चल रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग सभी इकाइयां लगा दी गई हैं और शीघ्र ही सारी इकाइयों का परिचालन प्रारम्भ हो जायेगा। मैसूर आइरन एण्ड टील लि० उपलब्ध सुविधाओं से थोड़ी मात्रा में विशेष इस्पात तैयार कर रहा है।

2. मैसूर आइरन एण्ड स्टील लिमिटेड कच्चे लोहे के उत्पादन के लिए विद्युत भट्ठियां लगाकर अपनी कच्चे लोहे की उत्पादन क्षमता को 80,000 टन प्रति वर्ष से 200,000 टन प्रति वर्ष तक बढ़ा रहा है। इस प्रायोजना के 1970 में पूरा हो जाने की आशा है।

3. मैसूर आइरन एण्ड स्टील लिमिटेड लौह-मिश्र धातुओं का भी उत्पादन करता है जैसे :—फेरो-मैंगनीज, फेरो-सिलिकोन और फेरो-क्रोम जैसा कि निम्न-लिखित आंकड़ों से स्पष्ट होता है इनके फेरो-सिलिकोन की विदेशों में काफी मांग है :—

वर्ष	निर्यात (टनों में)	मूल्य (लाख रुपये)
1967–68	2088	25.51
1968–69 (30–1–69 तक)	2558	31.57

4. नवम्बर 1968 के अंत तक मैसूर आइरन एण्ड स्टील लिमिटेड ने 2465 टन बिलेट और 10 टन कच्चा लोहा भी निर्यात किया, जिसका मूल्य 12 लाख रुपये है।

हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड

तत्कालीन इस्पात, खान तथा धातु मंत्री के 20 मार्च 1968, के वक्तव्य के आधार पर, जिसमें उन्होंने हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड के निगम-मुख्यालय को सशक्त बनाने के विचार से कम्पनी के प्रबन्ध सम्बन्धी ढांचे के पुनर्गठन की योजना की घोषणा की थी, एक उपाध्यक्ष की नियुक्ति की गई है और भिलाई, राउरकेला तथा दुर्गापुर के इस्पात कारखानों के महाप्रबन्धकों को निदेशक-मण्डल में पुनः नियुक्त किया गया है, जिससे मण्डल को अपनी नीतियों के निर्धारण में उनके व्यावहारिक अनुभव का लाभ हो सकेगा। इस समय सरकार तीन कार्यकारी निदेशकों को नियुक्त करने के प्रश्न पर विचार कर रही है। इन नियुक्तियों के बारे में निकट भविष्य में निर्णय किये जाने की आशा है।

2. 31 मार्च, 1968 को हिन्दुस्तान स्टील लि० में सरकार द्वारा लगाई गई पूंजी 1072.5 करोड़ रुपये थी, जिसमें ईक्विटी के रूप में 552 करोड़ रुपये और ऋण के रूप में 520.5 करोड़ रुपये शामिल थे। वर्ष 1968-69 में सरकार ने कम्पनी की अंश पूंजी में 5 करोड़ रुपये और लगाये और 14 करोड़ रुपये ऋण के रूप में शीघ्र ही दिये जाने की संभावना है। वर्ष 1969-70 में कम्पनी का पूंजीकृत व्यय 32 करोड़ रुपये के लगभग होगा लेकिन यह समस्त राशि सरकार से सहायता लिये बिना ही कम्पनी के अपने साधनों से पूरी की जाएगी।

3. वर्ष 1967-68 में पिछले वर्ष के 22.9 करोड़ रुपये के घाटे की तुलना में कम्पनी को 40.12 करोड़ रुपये का घाटा हुआ। जब से यह कम्पनी बनी है तब से लेकर 31-3-1968 तक कम्पनी को कुल 122.4 करोड़ रुपये का घाटा रहा है। वर्ष 1967-68 में घाटे के मुख्य कारण ये हैं - लगातार चल रही आर्थिक मन्दी जिसके कारण अधिकांश किस्म के इस्पात की मांग कम रही, पूंजी सम्बन्धी लागत में बढ़ोतरी, उत्पादन-लागत में पर्याप्त वृद्धि और असन्तोषजनक श्रमिक सम्बन्ध, विशेषकर राउरकेला और दुर्गापुर के इस्पात कारखानों में। इस वर्ष एक उत्साहवर्धक बात यह रही है कि निर्यात के क्षेत्र में अभूतपूर्व उन्नति हुई है 1966-67 की 9.4 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की आय की तुलना में वर्ष 1967-68 में 31.00 करोड़ रुपये की आय हुई है। इस समय 30 से भी अधिक देशों को निर्यात किया जाता है, जिनमें सोवियत रूस, अमरीका यू० के०, आस्ट्रेलिया और जापान जसे औद्योगिक क्षेत्र में अत्यधिक विकसित

देश भी शामिल हैं। निर्यात के लिए प्राप्त क्रयादेशों में से अधिकांश क्रयादेश अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति-प्राप्त निर्माताओं की कड़ी प्रतिस्पर्धा के होते हुए भी प्राप्त किये गये।

4. दुर्भाग्यवश पिछले कुछ वर्षों से चले आ रहे वे मूल कारण अब भी विद्यमान् हैं जिनके कारण कम्पनी की आर्थिक प्रगति सन्तोषजनक नहीं रही है। यद्यपि वर्ष 1968–69 में उत्पादन और प्रेषण पिछले वर्षों की तुलना में अधिक होने की आशा है और कारखानों की क्षमता का उपभोग भी अधिक होगा, फिर भी कम्पनी के वैत्तिक परिणामों में किसी विशेष सुधार की आशा नहीं है। पहली बात यह है कि राउरकेला की फिनिशिंग मिलें जैसे गेलवेनाइजिंग लाइन, इलेक्ट्रोलिटिक टिन्निंग लाइन और विद्युत-चादरों की मिल वर्ष 1968 के अन्त में ही चालू की गई। दुर्गापुर की कोक भट्ठियों की मरम्मत का काम अभी पूरा नहीं हुआ है। 1 मिलियन टन की उत्पादनावस्था के संयंत्रों को, जो पिछले 9 वर्षों से लगातार काम कर रहे हैं, मरम्मत की काफी आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विस्तार-योजना की इकाइयों के चालू किये जाने के परिणामस्वरूप पूंजी सम्बन्धी लागत में काफी वृद्धि हुई है यद्यपि वे अभी पूरी क्षमता पर उत्पादन नहीं कर रहीं हैं। उत्पादन-लागत में भी काफी वृद्धि हुई है, जिसपर कम्पनी का नियंत्रण बहुत कम अथवा शून्य के बराबर है। दुर्गापुर कारखाने में अब भी श्रमिक अशान्ति चल रही है।

5. कम्पनी के कार्यकरण में सुधार लाने के लिए किए गए प्रत्युपायों में से कुछेक का विवरण "परफार्मेंस आफ हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड" नामक पुस्तिका में दिया गया है, जिसकी प्रति अप्रैल 1968 में संसद के दोनों सदनों के पटल पर रखी गई थी। इन उपायों को तथा अन्य उपायों को जिनका उल्लेख आगे किया जा रहा है, क्रियान्वित किया जा रहा है—जैसे उत्पादन में विविधता लाना, संधारण की आवश्यकताओं का सतत ध्यान रखना, उन समितियों की सिफारिशों को क्रियान्वित करना, जिन्होंने कारखानों के कार्याकरण का अध्ययन किया है, फिनिशिंग मिलों में अनुपूरक सुविधाओं की व्यवस्था करना, कच्चे माल, शक्ति, प्रयुक्त होने वाले फालतू पुर्जों, और उत्पादन के लिए मानदण्ड नियत करना, लक्ष्य की तुलना में कार्यकरण का त्रैमासिक पुनर्विलोकन करना आदि। कम्पनी ने कार्यकरण को समुन्नत बनाने के लिए प्रबन्ध-मण्डल के सुधार की एक योजना बनाई है। मंत्रालय-स्तर पर कम्पनी के कार्यकरण की त्रैमासिक समीक्षा का कार्य लगभग एक साल से चल रहा है और इससे हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड की विभिन्न इकाइयों के कार्यकरण पर सतत निगरानी रखने में, और प्रतिकूल स्थितियों पर विशेष

ध्यान देने में काफी मदद मिली है और इस तरह समय पर प्रत्युपाय करने और गलती को ठीक करने में सहायता मिली है।

6. सरकार को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए एक नई प्रबन्ध-सूचना-प्रणाली बनाई गई है और इसके शीघ्र ही लागू किये जाने की संभावना है।

7. ऐसी आशा है कि अगले वर्ष से ही उपर्युक्त उपायों के परिणाम दृष्टिगत होने लगेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार के लक्षण भी दृष्टिगोचर होने लगे हैं और इस्पात की मांग बढ़ने लगी है। आशा है कि 1969–70 में उत्पादन, प्रेषण तथा क्षमता के उपयोग में काफी सुधार होगा और फलस्वरूप कम्पनी की आर्थिक स्थिति पर अच्छा प्रभाव पड़ेगा।

8. हाल में ईरान के इस्पात निगम के साथ एक समझौता हुआ है जिसके अनुसार 500 ईरानी कर्मचारियों को इस्पात कारखानों के तकनीकी संस्थानों में प्रशिक्षण दिया जायेगा। लक्षमवर्ग के मेसर्स टोर इस्टेग स्टील कारपोरेशन के साथ कंक्रीट को अधिक सशक्त बनाने के लिए 'कोल्ड ट्विस्टेड रिब्बड बार' के भिलाई और दुर्गापर के कारखानों में उत्पादन के बारे में एक समझौता करके कम्पनी ने उत्पादन में विविधता लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

9. कम्पनी के केन्द्रीय इंजीनियरी और रूपांकन ब्यूरो ने अमरीका के मेसर्स युनाइटेड इंजीनियरिंग एण्ड फाउण्ड्री कम्पनी आफ पिट्सवर्ग के साथ बेलन मिल के उपकरणों के रूपांकन और निर्माण सम्बन्धी तकनीकी जानकारी प्राप्त करने के लिए एक समझौता किया है, जिससे अब इस ब्यूरो ने संयंत्रों और उपकरणों के विस्तृत रूपांकन के क्षेत्र में पदार्पण किया है। इस ब्यूरो ने सिंगापुर में एक बिलेट मिल की स्थापना के लिए शक्यता अध्ययन तैयार करने का काम भी लिया है। रूसी सरकार की सहायता से इस ब्यूरो को अधिक सशक्त बनाने के प्रश्न पर विचार किया जा रहा है।

राउरकेला इस्पात कारखाना

राउरकेला इस्पात कारखाने का 1.00 से 1.8 मिलियन टन पिण्ड उत्पादन के लिए विस्तार किया जा रहा है। दिसम्बर, 1968 तक विस्तार-योजना की अधिकांश इकाइयां परिचालित कर दी गई थीं, जिनमें 5-स्टैण्ड टेन्ड्म मिल, जस्ता चढ़ाने की मिल, बिजली से टिन चढ़ाने वाली मिल तथा विद्युत-चादर की मिल शामिल हैं। हाट स्कार्फिग मशीन तथा अनुषंगी संयंत्र और सिल्लियों को ठण्डा करने के यंत्र 1969 के उत्तरार्द्ध से कार्य करने लगेंगे। ऐसी आशा है कि कारखाने में दिसम्बर, 1969 तक 1.6 मिलियन टन वार्षिक उत्पादन की दर से उत्पादन होने लगेगा और कुछ महीनों बाद 1.8 मिलियन टन की अधिष्ठापित क्षमता पर उत्पादन होने लगेगा।

2. कारखाने को बरसुआ की रक्षित खानों से प्राप्त होने वाले लौह खनिज की क्वालिटी संतोषजनक नहीं पाई गई है। अतः एक परिष्करण संयंत्र लगाया गया है जो नवम्बर, 1968 से काम करने लगा है। पूरी क्षमता पर कार्य करने पर यह कारखाना इस्पात कारखाने को प्रतिवर्ष 1.5 मिलियन टन खनिज के डले और 1.00 मिलियन टन परिष्कृत बारीक खनिज दिया करेगा। कारखाने को प्राप्त होने वाले लौह खनिज और चूनापत्थर की क्वालिटी में अत्यधिक उतार-चढ़ाव की समस्या के अध्ययन के लिए तीन जर्मन विशेषज्ञों के एक दल को आमंत्रित किया गया था। इस दल की रिपोर्ट प्राप्त हो गई है और हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड के विचाराधीन है।

3. राउरकेला में विशेष इस्पात की प्लेटें बनाने वाले कारखाने को दिसम्बर, 1968 में चालू किया गया था। आशा है कि 1969 के मध्य तक यह पूर्ण क्षमता पर उत्पादन करने लगेगा।

4. राउरकेला इस्पात कारखान के उर्वरक संयंत्र का उत्पादन इस्पात कारखाने से अपर्याप्त मात्रा में तथा असन्तोषजनक प्रकार की कोक ओवन गैस प्राप्त होने के कारण अपनी उत्पादन-क्षमता से काफी कम रहा है। इसलिए गैस की कमी को पूरा करने के लिए एक नेफ्था रिफार्मिग यूनिट लगाने का निश्चय किया गया। यह यूनिट दिसम्बर, 1968 से काम कर रहा है। अब इस संयंत्र के

कैल्सियम एमोमियम नाइट्रेट के उत्पादन में काफी वृद्धि होने की आशा है।

5. सरकार ने उवर्रक संयंत्र और उपोत्पाद संयंत्र के कार्यकरण का अध्ययन करने के लिए तथा सुधार के लिए उपाय सुझाने हेतु एक उच्च स्तरीय तकनीकी समिति नियुक्त की थी। इस समिति ने जुलाई, 1968 में अपनी रिपोर्ट दे दी थी और इसकी विभिन्न सिफारिशों को क्रियान्वित किया जा रहा है।

6. राज्य सरकार की सिफारिश पर दिसम्बर, 1968 में हिन्द मजदूर सभा से सम्बद्ध एक नयी यूनियन को मान्यता प्रदान की गई। तब से कारखाने में मालिक-मजदूर सम्बन्ध सामान्यतः सन्तोषजनक रहे हैं। निम्नलिखित सारणी में लोहे और इस्पात तथा कैल्सियम एमोनियम नाइट्रेट का वर्ष 1967-68 और अप्रैल-दिसम्बर, 1968 का उत्पादन दिया गया है :—

(हज़ार टन)

उत्पाद	1967–68	अप्रैल-दिसम्बर, 1968
लोहा (गर्म धातु) . . .	936	930
इस्पात पिण्ड	924	873
विक्रेय कच्चा लोहा . . .	64	109
विक्रेय इस्पात	640	587
कैल्सियम एमोनियम नाइट्रेट (नाइट्रेट का 20.5%)	190	149
(नाइट्रेट का (25%)		9

7. वर्ष 1967-68 में 1968-69 (अप्रैल-दिसम्बर) की अवधि में प्रेषण इस प्रकार थे :—

(हजार टन)

उत्पादन	1967–68	1968–69 (अप्रैल-दिसम्बर 1968)
कच्चा लोहा . . .	84	134
विक्रेय इस्पात . .	643	578
कैल्सियम एमोनियम नाइट्रेट (नाइट्रेट का 20·5%) (नाइट्रेट का 25%)	201	155

8. आशा है कि वर्ष 1968-69 में विक्रेय कच्चे लोहे और विक्रेय इस्पात का कुल उत्पादन क्रमशः 150,000 टन और 765,000 टन होगा। चूंकि विस्तार-योजना की प्रमुख इकाइयों ने हाल में उत्पादन करना आरम्भ किया है, इसलिए उन्हें निर्धारित क्षमता तक पहुंचने में समय लगेगा।

9. राउरकेला इस्पात कारखाना संधारण के क्षेत्र में काफी पिछड़ा हुआ है और स्ट्रिप्पर यार्डक्रेन, हाट स्ट्रिप मिल के टेबल रोलर और पिकलिंग लाइन जैसी महत्वपूर्ण इकाइयों में काफी मरम्मत/संयंत्र बदलने की आवश्यकता है। आशा है कि यह कार्य 1969-70 में पूरा हो जायेगा और 1969-70 में कारखाना पहले से काफी अच्छी प्रगति दिखायेगा।

भिलाई इस्पात कारखाना

सितम्बर, 1967, में वायर राड मिल के पूरा हो जाने और उत्पादन आरम्भ कर देने से भिलाई इस्पात कारखाने का 2.5 मिलियन टन तक विस्तार कार्यक्रम पूरा हो गया है। कारखाने का और विकास दो चरणों में करने का विचार है। पहले चरण में लोहा बनाने की सुविधाओं पर ध्यान दिया जायेगा और दूसरे चरण में इस्पात बनाने और बेलन करने पर। देश में कच्चे लोहे के उत्पादन में वृद्धि के लिए विस्तार कार्यक्रम के प्रथम चरण में घठी धमन भट्ठी का कार्य पहले आरम्भ कर दिया गया था। यह कार्य अब प्रगति कर रहा है। उपकरण और साज़-सामान के आयात की मात्रा निश्चित करते समय देशीय आपूर्ति की क्षमता को पूरी तरह ध्यान में रखा गया था। उपकरणों के 44 प्रतिशत और 64 प्रतिशत संचरनात्मकों की सप्लाई के लिए हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन को आर्डर दिये गये हैं।

2. कारखाने की मुख्य इकाइयों का कार्यकरण अप्रैल-दिसम्बर, 1968 और 1967-68 की अवधि में नीचे दिखाया गया है :—

(हजार टन)

उत्पाद	1967–68	(अप्रैल-दिसम्बर, 1968)
लोहा (गर्म धातु) . .	2,080	1,434
इस्पात पिण्ड . . .	1,785	1,299
विक्रेय इस्पात . . .	1,252	973

हाल की आर्थिक मन्दी के बाद अब सभी मुख्य इकाइयों के उत्पादन में वृद्धि हो रही है। वर्ष 1968-69 के दौरान कुल उत्पादन निर्धारित क्षमता का 70 प्रतिशत होने का अनुमान है। बिलेट रोलिंग और स्ट्रक्चरल और वायर राड मिलों ने दिसम्बर 1968 में उत्पादन के नये रिकार्ड कायम किये हैं। साढ़े नौ वर्ष तक लगातार कार्य करने के पश्चात् धमन भट्ठी नं० 1 को 24-7-68 से 13-12-68 तक मरम्मत के लिए बन्द रखना पड़ा, जिसका उत्पादन पर प्रभाव

पड़ा। 14-12-68 से वायर राड मिल में तीन पारियों में काम हो रहा है। इस वर्ष पर्याप्त आर्डरों के न मिलने के कारण रेल मिल में उत्पादन कम करना पड़ा। रेल की पटरी के निर्यात पर अधिक बल दिया गया।

3. रूसी सरकार के विदेशी आर्थिक सम्बन्धों की राजकीय समिति के अध्यक्ष श्री एस० स्केचकोव के नेतृत्व में एक शिष्ट-मंडल ने हाल में ही भारत का दौरा किया और इस कारखाने की लाभदायिकता और उत्पादन में सुधार के लिए कुछ उपयोगी सुझाव दिये हैं, जिन पर विचार किया जा रहा है।

4. वर्ष 1967-68 की तुलना में अप्रैल-दिसम्बर 1968 की अविध में प्रेषण इस प्रकार रहे :—

(हज़ार टन)

उत्पाद	1967–68	अप्रैल-दिसम्बर 1968
कच्चा लोहा . . .	717	430
बेलित इस्पात . .	1,229	965

कच्चे लोहे की फालतू क्षमता का आंशिक उपयोग जापान को निर्यात के लिए किया गया है। अप्रैल-दिसम्बर, 1968, की अवधि में 2·93 लाख टन कच्चे लोहे का निर्यात किया गया। अप्रैल-दिसम्बर, 1968 की अवधि में 9,65,000 टन इस्पात का प्रेषण किया गया जिसमें 2,56,000 टन निर्यात के लिए था। वर्ष 1968-69 के प्रथम 9 मास में किये गये निर्यात का कुल मूल्य 2280 लाख रुपये है। वर्ष 1966-67 और 1967-68 के दौरान भिलाई से क्रमशः 560 लाख और 2530 लाख रुपये का निर्यात किया गया। इस वर्ष निर्यात 4650 लाख रुपये तक होने की संभावना है।

दुर्गापुर इस्पात कारखाना

वर्ष 1967-68 की तुलना में अप्रैल-दिसम्बर 1968 तक दुर्गापुर इस्पात कारखाने की मुख्य इकाइयों का उत्पादन इस प्रकार रहा :—

(हजार टन)

उत्पाद	1967–68	अप्रैल-दिसम्बर 1968
लोहा (गर्म धातु) . .	959	827
इस्पात पिण्ड . . .	738	581
विक्रेय इस्पात . .	527	360

2. दुर्भाग्यवश चालू वर्ष में श्रमिक अशान्ति के कारण दुर्गापुर इस्पात कारखाने के उत्पादन पर बड़ा बुरा प्रभाव पड़ा। बेलन मिल और पहियों और धुरों के कारखाने के पम्प और आयल सेलर्स के कुछ कर्मचारियों द्वारा अन्तर्ध्वंस कर कारण 5--23 सितम्बर, 1968 तक जबरी छंटनी की गई थी। वर्ष के अन्त में कारखाने के श्रमिक सम्बन्धों में कुछ सुधार हुआ है। कारखाने के कार्यकरण में सुधार के लिए सुविधाओं में तकनीकी असंतुलन और संधारण की त्रुटियों को ठीक करने के लिए कुछ कदम उठाये गये हैं।

3. चालू वर्ष में स्केल्प मिल का 4-7-68 को उद्घाटन एक महत्वपूर्ण बात थी। इस मिल के उत्पादन आरम्भ करने के साथ ही दुर्गापुर इस्पात कारखाने का 16 लाख टन तक विस्तार कार्यक्रम पूरा हो गया। दिसम्बर, 1968 के अन्त तक स्केल्प मिल में 11,526 टन का उत्पादन हुआ।

वर्ष 1967-68 और अप्रैल-दिसम्बर 1968 की अवधि में कच्चे लोहे और इस्पात के प्रेषण इस प्रकार रहे :—

(हजार टन)

उत्पाद	1967-68	अप्रैल-दिसम्बर 1968
कच्चा लोहा . . .	278	273
बेलित इस्पात . . .	498	421

5. ब्लूमिंग और विलेट मिल तथा कोक भट्ठियों की कमियों को दूर करना अभी बाकी है। अतः कारखाने को निर्धारित क्षमता पर कार्य करने में अभी कुछ समय लगेगा।

6. दुर्गापुर को लौह-खनिज की सब से अधिक सप्लाई मेसर्स बोलानी ओर्स लिमिटेड ने की। यह कम्पनी वर्ष 1957 में भारत सरकार और उड़ीसा खनिज विकास निगम ने संयुक्त रूप से स्थापित की थी।

मिश्र-इस्पात कारखाना, दुर्गापुर

दुर्गापुर के मिश्र-इस्पात कारखाने का निर्माण पूरा हो चुका है और इसकी सभी इकाइयों ने उत्पादन आरम्भ कर दिया है।

2. वर्ष 1967-68 और वर्ष 1968-69 (अप्रैल, 1968–जनवरी 1969) की अवधि में विभिन्न इकाइयों का उत्पादन इस प्रकार रहा :—

(टन)

इकाई	1967–68	1968–69 (अप्रैल 1968 से जनवरी 1969 तक)
1. इस्पात पिघलाने का कारखाना नं० 1 . . .	3,351	22,530
2. इस्पात पिघलाने का कारखाना नं० 2 . . .	10,482	9,568
3. ब्लूमिंग मिल (कॉग) .	3,639	17,134
4. बिलेट मिल (रिकॉग) .	1,362.	2,625
(फिनिश) . .	582	7,280
5. गठाई कारखाना (कॉग और रिकॉग) . . .	4,729	3,134
(फिनिश) . .	2,718	2,892
6. बार मिल (कॉग और रिकॉग)	4,583	1,429
(फिनिश) . .	3,275	7,152
7. चादरें बनाने का कारखाना (रिकॉग) . .	—	307
(फिनिश) . .	—	348

3. वर्ष 1967-68 और 1968-69 (अप्रैल 1968 जनवरी 1969) की अवधि में प्रेषण इस प्रकार रहा :—

(टन)

उत्पाद	1967–68	अप्रैल, 1968-जनवरी, 1969
पिण्ड . . .	1,600	4,604
गढ़ी वस्तुएं . . .	1,835	1,696
बेलित वस्तुएं . . .	2,068	10,709
चादरें/प्लेटें . . .	—	80

4. चादरें बनाने के कारखाने के 3 हाई रफिंग मिल ने 26 मार्च 1968 से उत्पादन आरम्भ किया। चादरें बनाने के कारखाने की चार भट्ठियों का काम जोकि ठेकेदार मेसर्स एमको ने अधूरा छोड़ दिया था, विभाग द्वारा पूरा कर लिया गया है। वैक्यूम डी-गैसिंग यूनिट 26-11-1968 को चालू किया गया था।

5. कारखाने के परिचालन के प्रारम्भिक काल में इसकी संधारण की समस्याओं पर सुझाव देने के लिए तीन जापानी विशेषज्ञों की सेवाएं प्राप्त करने का प्रबन्ध किया गया है।

6. मैसर्स दस्तूर कम्पनी हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड द्वारा देश में चौथी और पांचवी योजना के दौरान मिश्र और विशेष इस्पात की मांग का सर्वेक्षण करने के लिए नियुक्त किये गये थे। उन्होंने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। रिपोर्ट हिन्दुस्ताम स्टील लिमिटेड के विचाराधीन है। विचारोपरान्त मिश्र-इस्पात कारखाने के विस्तार के लिए विस्तृत प्रायोजना प्रतिवेदन तैयार करने का काम हाथ में लिया जायेगा।

हिन्दुस्तान स्टील लि० का केन्द्रीय कोयला शोधन-संस्थान

अप्रैल-दिसम्बर, 1968 की अवधि में तीनों शोधनशालाओं का कार्यकरण इस प्रकार रहा :—

	कच्चा कोयला डाला गया (हज़ार टन)	निर्धारित क्षमता का प्रतिशत 1968–69 (9 मास)
दुगदा . . .	923	51.30
भोजुडीह . . .	1,098	73.21
पाथरडीह . . .	941	62.75

2. उपर्युक्त आंकड़ों से यह स्पष्ट है कि कोयला शोधनशालाओं का उत्पादन संतोषजनक नहीं रहा । इसका कारण अंशतः बाक्स बैगनों की अनियमित और कम सप्लाई और अंशतः कच्चे कोयले की कम सप्लाई है। भारी वर्षा और खानों में पानी भर जाने के कारण कच्चे कोयले की सप्लाई पर बुरा प्रभाव पड़ा । वास्तव में राष्ट्रीय कोयला विकास निगम की बोकारो की कोयला खान और कुसुन्दा, सिजुआ और कटरास स्थित अन्य कोयला खानों से कोयला भोजुडीह और पाथरडीह शोधनशालाओं तक लाना पड़ा । दुगदा II शोधनशाला का निर्माण पूरा हो चुका है और ठेकेदर द्वारा परीक्षणचालन किया जा रहा है। शोधनशालाओं के प्रबन्ध में सुधार के लिये एक महा प्रबन्धक नियुक्त किया गया है, जो केंद्रीय कोयला शोधन संस्थान का इंचार्ज होगा ।

बोकारो स्टील लिमिटेड

आरम्भ में बोकारो इस्पात कारखाने को तीसरी पंचवर्षीय योजना में लगाने का विचार था किन्तु विदेशी सहायता प्राप्ति में कठिनाइयों के कारण प्रायोजना का बहुत सा कार्य शेष है और यह चौथी योजना के मध्य तक पूरा होगा। कारखाने का स्थल बिहार के धनबाद जिले के माराफारी गांव में हैं।

2. बोकारो इस्पात कारखाने के लिए विस्तृत प्रायोजना प्रतिवेदन रूस के त्याज प्रोमएक्सपोर्ट संस्थान द्वारा दिसम्बर 1965 में प्रस्तुत किया गया था, जो 40 लाख टन इस्पात पिण्ड के कारखाने के लिए था। कारखाना प्रथम चरण में 17 लाख टन इस्पात पिण्ड और 8.8 टन फाउण्ड्री ग्रेड कच्चे लोहे का उत्पादन करेगा और यह काफी हद तक स्वचालित होगा।

3. देश में चपटे उत्पादों की भारी कमी है। इस कमी को दूर करने के लिए यह कारखाना लगाया गया है। चपटे उत्पादों के सम्बन्ध में आयात पर हमारी निर्भरता निम्नलिखित आंकड़ों से स्पष्ट है :—

वर्ष 1964-65 और 1965-66 के वर्षों में प्रति वर्ष 4-5 लाख टन आयात किया गया, जिसका मूल्य 40 करोड़ रुपये (अवमूल्यन के पूर्व) था। 1966-67 में इन उत्पादों का आयात 25 करोड़ रुपये तक रह गया, जिसका मुख्य कारण व्यापारिक मन्दी थी। वर्ष 1967-68 में आयात 38 करोड़ रुपये का हुआ।

4. बोकारो के प्रथम चरण में 17 लाख टन इस्पात पिण्ड का उत्पादन होगा, जोकि 13 लाख टन तैयार इस्पात में बेलित किया जाएगा। बोकारो में निम्नलिखित तैयार माल के उत्पादन का कार्यक्रम है :—

	(टन)
1. गर्म बेलित हल्की प्लेटें, चादरें और क्वायल्स .	789,000
2. ठण्डी बेलित चादरें (कुण्डलों में) . .	425,000
3. अतिरिक्त गर्म/ठण्डी बेलित चादरें या एल्युमिनियम चढ़ी चादरें	150,000
जोड़	1364,000

5. अवमूल्यन तथा सोवियत दल द्वारा लागत में कमी के सुझावों को मान लेने के फलस्वरूप प्रथम चरण पर 671 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इसमें खदानों, बस्ती, जल आपूर्ति आदि अन्य सुविधाओं पर 50 करोड़ रुपये का खर्च भी शमिल है। केवल इस्पात कारखाने के लिए सरकार ने 620 करोड़ रुपये के प्राक्कलन को अनुमोदित किया है।

6. प्रथम चरण के लिए 276,800 टन उपकरणों की आवश्यकता होगी जिसमें 101,502 टन रूस से और 1,400 टन चैकोस्लोवाकिया से आयात किये जायेंगे। शेष 173,898 टन उपकरण देश से ही प्राप्त किये जायेंगे।

7. बोकारो इस्पात कारखाने और संभरणकर्त्ताओं के बीच हुये समझौते के अनुसार आयात किये जाने वाले 101,502 टन उपकरणों की सप्लाई जुलाई 1970 तक की जानी है। इसमें से 34,218 टन उपकरण दिसम्बर 1968 के अन्त तक प्राप्त किये जा चुके थे। चैकोस्लोवाकिया से 1,400 टन उपकरण मिल चुके हैं। इनके अतिरिक्त 39,646 टन प्रौद्योगिक नल और दूसरा साज़-सामान रूस से अभी आयात किया जाना है। इसमें से 9,890 टन माल दिसम्बर, 1968 के अन्त तक प्राप्त हो चुका था।

8. देश में प्राप्त किये जाने वाले 173,898 टन माल में से 90,000 टन माल के लिए भारी इंजीनियरी निगम, खनन और सम्बद्ध मशीनरी निगम, दुर्गापुर, हैवी इलैक्ट्रिकल्स (इंडिया) लि०, भोपाल, और भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लि०, हैदराबाद, त्रिचुरापल्ली और हरिद्वार के सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों को आर्डर दिये जा चुके हैं। दिसम्बर, 1968 के अन्त तक सरकारी क्षेत्र के कारखानों ने 2,572 टन उपकरण सप्लाई कर दिये थे। 64,370 टन के लगभग साज़-सामान निजी क्षेत्र के कारखानों से प्राप्त किया जाना है। 18,716 टन के लिए आर्डर दिये जा चुके हैं और शेष की प्राप्ति के लिए कार्यवाही की जा रही है। 2,320 टन के लिए बिहार राज्य के लघु उद्योग निगम को आर्डर दिये जा चुके हैं। बोकारो इस्पात कारखाना लगभग 14,700 टन इन्गाट मोल्ड आदि और 2,500 टन अन्य उत्पाद तैयार करेगा।

9. बोकारो के प्रथम चरण के लिए 236,977 टन संचारनात्मक इस्पात की आवश्यकता होगी, जिसमें से 17,708 टन का रूस से आयात किया जा रहा है और शेष देश में ही प्राप्त किया जायेगा। 208,607 टन के संविरचन के लिए आर्डर दिये जा चुके हैं। 150,500 टन का संविरचन और अधिष्ठापन हिन्दुस्तान स्टील वर्क्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड कर रही है। इसमें से 7,031 टन का

संविरचन और 1,700 टन का अधिष्ठापन दिसम्बर, 1968 के अन्त तक किया जा चुका था ।

10. उष्मसह की कुल 212,086 टन की आवश्यकता में से 4,300 टन की थोड़ी मात्रा, जो कि देश में प्राप्त नहीं है, रूस से आयात की जायेगी। 136,638 टन के लिए देशीय उत्पादकों को आर्डर दिये जा चुके हैं। 11,456 टन के लिए आर्डरों को अन्तिम रूप दिया जा रहा है और 39,076 टन के लिए टेण्डर तैयार किये जा रहे हैं।

11. 276,800 टन लगाये जाने वाले उपकरणों में से 73,667 टन उपकरणों के अधिष्ठापन के लिए विदेशी अभिकरणों को ठेके दिये जा चुके हैं पहली धमन भट्टी का अधिष्ठापन कार्य नवम्बर, 1968 में शुरू हुआ।

12. विभिन्न कारणों से, जिनमें रूस से आने वाली विशेष इस्पात की प्लेटें और सम्पूरक संघटकों की सप्लाई में देरी भी शामिल है, हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन द्वारा बोकारो इस्पात कारखाने के लिए उपकरणों एवं अन्य साज-सामान की सप्लाई में देरी होने की संभावना है। यद्यपि संभरणकर्त्ताओं से मिलकर कठिनाइयों को दूर किया जा रहा है तथापि ऐसा लगता है कि पहली धमन भट्ठी को चालू करने में लगभग छः मास की देरी हो जाएगी अर्थात मार्च, 1971 तक। इसके फलस्वरूप इस्पात पिघलाने, और बेलन इकाइयों को चालू करने में भी देरी होने की आशंका है।

13. खनन एवं सम्बद्ध यन्त्र निगम द्वारा 11,365 टन कनवेयर बेल्ट, पम्प, तकनीकी संरचनात्मक एवं अन्य उपकरणों की सप्लाई की जानी है। दिसम्बर, 1968, के अन्त तक उन्होंने केवल 194 टन का ही उत्पादन किया था, जिससे बोकारो इस्पात लिमिटेड को काफी चिन्ता हो रही है।

14. इस्पात कारखाने का सिविल इंजीनियरी कार्य हिन्दुस्तान स्टील वर्क्स कन्सट्रशन लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। इस कार्य पर कुल 96.77 करोड़ रुपये के व्यय का अनुमान है। दिसम्बर, 1968, के अन्त तक 26.17 प्रतिशत मिट्टी का काम और 17.61 प्रतिशत कंक्रीट डालने का काम हो चुका था।

15. भवनाथपुर चूना-पत्थर खदान के प्रथम चरण के विकास के लिए सरकार ने 78.03 मिलियन रुपये के खर्च की अनुमति दे दी है। इसमें बस्ती का व्यय शामिल नहीं है। यह खदान बोकारो इस्पात कारखाने को फ्लक्स ग्रेड चूना-पत्थर सप्लाई करेगा।

16. बोकारो स्टील लिमिटेड की भूमि की आवश्यकता में कमी, तथा नगर-निर्माण-लागत में और अधिक कमी करने, तथा कर्मचारियों की प्रावस्था-भाजित भर्त्ती के अध्ययन के लिए भारत सरकार ने एक समिति नियुक्त की है। बोकारो को हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन द्वारा सप्लाई किए जाने वाले माल के मूल्यों पर विचार करने के लिए सरकारी उपक्रम ब्यूरो (वित्त मंत्रालय द्वारा नियुक्त एक अन्तर्मन्त्रालय समिति) ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की है और इस पर मन्त्रालय में अस्थायी निर्णय कर लिए गए हैं।

हिन्दुस्तान स्टीलवर्क्स कन्सट्रक्शन लिमिटेड

हिन्दुस्तान स्टीलवर्क्स कन्सट्रक्शन लिमिटेड जून, 1964 में निगमित हुई थी। इसका उद्देश्य इस्पात कारखानों के निर्माण की जानकारी को विकसित करना और केन्द्रित करना था। शुरू में यह कम्पनी बोकारो इस्पात कारखाने का निर्माण कर रही है। अभी काफी काम के लिए दूसरे लोगों को ठेके देने पड़े हैं।

2. कम्पनी द्वारा बोकारो में लिए गए काम का विवरण निम्नलिखित है :—

(दस लाख रुपये)

काम	मूल्य
1. स्थल समतलीकरण . . .	93.6
2. सिविल इंजीनियरी कार्य . . .	967.7
3. संरचनात्मक और संविरजन कार्य . .	363.0
4. रेल-पथ, बड़ी लाइनों को मिलाना, पाइप बिछाना और अन्य विविध कार्य . . .	5.0

3. कम्पनी की अधिकृत पूंजी 100 लाख रुपये है। अब तक सरकार ने अंश पूंजी के रूप में 23 लाख रुपये दिए हैं। इसके अतिरिक्त कम्पनी को 1 करोड़ रुपये के दो ऋण दिए गए हैं जिसमें से कम्पनी सरकार को 25 लाख रुपये लौटा चुकी है। कम्पनी ने उपलभ्य और अधिशेष आदि के रूप में 123.7 लाख रुपये का आन्तरिक श्रोत भी बनाया है जिसका उपयोग कार्यगत पूंजी के रूप में किया जाता है। वर्ष 1965-66 और 1967-68 में कम्पनी ने परिदत्त पूंजी का 15 प्रतिशत लाभांश घोषित किया था।

4. बेलन मिलों और ऊष्मसह-माल कारखाने के स्थलों को छोड़कर बोकारो में अन्य स्थानों पर सिविल इंजीनियरी काम में तेजी आई है। आशा है कि दिसम्बर 1968 की 40,000 क्यूबिक मीटर प्रतिमाह की गति बढ़ कर 1969-70 में 50,000 क्यूबिक मीटर प्रतिमाह और इससे अधिक हो जायेगी जब बाकी स्थानों पर कार्य पूरी गति से चलेगा।

5. दिसम्बर 1968 में अधिष्ठापन की गति 3,500 टन प्रति माह थी। आशा है कि यह बढ़कर मार्च 1969 में 5,000 टन और 1969-70 में 6,000 टन प्रति माह हो जायेगी।

6. कारखाने की मुख्य इकाइयों के अतिरिक्त सहायक संरचनाओं, कारखाने के दफ्तर, कल्याण-कार्य-भवन, द्वारभवन, चारदीवारी प्रयोगशाला-भवन, आदि का भी काम चल रहा है। फर्श लगाने और मशीन की नींव बिछाने का काम अन्य समापन कार्यों के साथ 1969-70 में किया जायेगा।

हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन लिमिटेड, रांची

हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन लिमिटेड, रांची, के अधीन तीन इंजीनियरिंग कारखाने हैं, जिनके नाम हैं--(i) हैवी मशीन बिल्डिंग प्लांट (भारी मशीनें बनाने का कारखाना) जिसकी अन्त्य धारिता प्रति वर्ष 80,000 टन वज़न की भारी मशीनें बनाने की है। इसमें एक इस्पात-संविरचनशाला है, जिसकी वार्षिक क्षमता 25,000 टन संविरचनात्मक तैयार करने की है (ii) फाउण्ड्री फोर्ज प्लांट (गढ़ाई का कारखाना) जिसकी वार्षिक क्षमता लगभग 1,40,000 टन की है और (iii) हैवी मशीन टूल्स प्लांट, जिसकी क्षमता 10,000 टन प्रति वर्ष है।

भारी मशीनें बनाने का कारखाना सोवियत रूस के सहयोग से स्थापित किया गया है। गढ़ाई का कारखाना और हैवी मशीन टूल्स प्लांट चैकोस्लोवाकिया के सहयोग से स्थापित किये गये हैं।

हैवी मशीन बिल्डिग प्लांट

कारखाने ने नवम्बर, 1963 में उत्पादन शुरू कर दिया था। इस समय कारखाने की सभी इकाइयों में लगाई गई मशीनें उत्पादन कर रही हैं।

कारखाने का गत तीन वर्षों का वास्तविक उत्पादन इस प्रकार है :—

वर्ष	मात्रा (टन)	मूल्य (लाख रूपये)
1965-66 . . .	10,980	285.40
1966-67 . . .	14,309	466.74
1967-68 . . .	14,611	556.93

वर्ष 1968-69 का उत्पादन-लक्ष्य 30,000 टन है। अप्रैल, 1968 से दिसम्बर, 1968 तक का वास्तविक उत्पादन 17,374.53 टन है, जिसका मूल्य 839.54 लाख रुपये है। आशा है 80,000 टन की पूर्ण क्षमता 1975-76 तक प्राप्त हो जायेगी।

इस्पात संरचनात्मक बनाने वाले कारखाने का, जो भारी मशीनें बनाने वाले कारखाने का सहायक कारखाना है, सिविल निर्माण का काम लगभग पूरा हो गया है। कारखाने में 31 अक्तूबर, 1966 से उत्पादन शुरू हो चुका था। उपकरण लगाने का 65 प्रतिशत और क्रेन सम्बन्धी 30 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है।

फाउन्ड्री फोर्ज प्लांट

सिविल कार्य लगभग पूरा हो गया है। मशीनें और उपकरण लगाने का काम (ऊष्मसह सम्बन्धी कार्य भी शामिल है) लगभग पूरा हो गया है (92.8 प्रतिशत)। 2,600 टन की प्रेस और 1,600 टन की प्रेस अगस्त/सितम्बर 1968 में चालू की गई थी। 6,000 टन की प्रेस के लिए नींव डालने का काम तेज़ी से चल रहा है। निर्माण कार्य में प्रगति के साथ-साथ कारखाने की कुछ इकाइयों में उत्पादन भी आरम्भ हो चुका है। धूसर-लौह ढलाई कारखाने में उत्पादन मई, 1964 में आरम्भ हुआ।

गत तीन वर्षों का उत्पादन नीचे दिखाया गया है :—

वर्ष	टन	मूल्य (लाख रुपयों में)
1965-66 . . .	2,466	48.23
1966-67 . . .	4,058.26	95.45
1967-68 . . .	9,003.13	179.60

1968-69 में 21,650 टन सांचे, कूट रचना और बेलनों के अनुमानित उत्पादन की तुलना में अप्रैल, 1968 से दिसम्बर, 1968 तक वास्तविक उत्पादन 11,847.07 टन था, जिसका मूल्य 224.50 लाख रूपये है। पूरी क्षमता 1977-78 तक प्राप्त हो जाने की आशा है।

हैवी मशीन टूल्स प्लांट

मुख्य भवन का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है।

आयातित पुर्जों से रेडियल ड्रिलों का निर्माण अक्तूबर, 1966 में आरम्भ हुआ।

162

गत दो वर्षों में उत्पादन इस प्रकार रहा :—

वर्ष	मशीनों की संख्या
1966-67 . . .	7
1967-68 . . .	15

1968-69 के लिए 33 मशीनी औजार और सी० एल० डब्ल्यू, ट्रैक्शन गीयर के 10 सेट बनाने का लक्ष्य है। अप्रैल-दिसम्बर, 1968, की अवधि में 5 मशीनें बनाईं गईं जिनका मूल्य 13.55 लाख रुपये था। ट्रैक्शन गीयर का निर्माण अभी होना है।

पूरी क्षमता 1978-79 तक प्राप्त होगी।

बोकारो को सप्लाई :

हैवी इंजीनियरिग कारपोरेशन, रांची ने बोकारो इस्पात कारखाने को निम्नलिखित साज़-सामान सप्लाई करने का काम लिया है :—

(i) यान्त्रिक उपकरण . . .	72,069	टन
(ii) प्रौद्योगिक-इस्पात संरचनात्मक . .	26,500	टन
(iii) मशीनी औजार . . .	402	टन
	98,971	टन

उपकरणों एवं ढांचों की सप्लाई 1968 के द्वितीय चतुर्थांश से आरम्भ हुई है। सप्लाई 1971 के तृतीय चतुर्थांश तक उत्तरोत्तर रूप से पूरी की जानी है। मशीनी औजारों की सप्लाई 1968 के उत्तरार्द्ध से शुरू होकर 1969 के तृतीय चतुर्थांश तक चलेगी। देश में पहली बार बनाई जाने वाली मशीनों और उपकरणों का प्रदान कार्यक्रम कई बातों पर निर्भर करता है विशेषतया रूपांकन आलेखों की सप्लाई, इस्पात एवं अन्य कच्चे माल की उपलब्धि, और सोवियत रूस से आयात किए जाने वाले पुर्जों और संतुलन-उपकरणों की

समय पर आपूर्ति, जिससे हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन कार्यक्रम के अनुसार माल सप्लाई कर सके।

उत्पादकता और उत्पादन-दर में सुधार के लिए कई उपाये किए गए हैं। हाल ही में एक समन्वय-निदेशक नियुक्त किया गया है जो हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन के फाउण्ड्री फोर्ज प्लांट, हैवी मशीन बिल्डिंग प्लांट और हैवी मशीन टूल्स प्लांट में सम्पर्क बनाए रखेगा। उत्पादन आयोजन एकक को सबल बनाया गया है और आशा है कि भविष्य में और अच्छे परिणाम सामने आयेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी बनाने, विशेषतया किए जाने वाले काम तथा भारी मशीनें बनाने वाले कारखाने के नवीनतम यन्त्रों का प्रशिक्षण देने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। प्रोत्साहन योजनायें भी उत्तरोत्तर आरम्भ की जा रही हैं और कुछ उत्पादन इकाइयों में शुरू की जा चुकी हैं। फाउण्ड्री फोर्ज प्लांट को शीघ्र पूरा करने पर विशेष बल दिया गया है और हाल के महीनों में इस इकाई से सांचों की सप्लाई में पर्याप्त उन्नति हुई है। 10 जुलाई, 1968 से एक 90 दिवसीय उत्पादन-वृद्धि आन्दोलन शुरू किया गया था, जिसके परिणाम बहुत अच्छे रहे। इस अविध में फाउण्ड्री फोर्ज और हैवी मशीन बिल्डिंग प्लांट में गत चतुर्थांश की अपेक्षा उत्पादन में क्रमशः 180 प्रतिशत और 113 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि हैवी मशीन टूल्स प्लांट के उत्पादन में भी पर्याप्त वृद्धि हुई। इन उपायों के फलस्वरूप, जिन्हें जारी रखा जाएगा और आने वाले महीनों में और तेज किया जायेगा, ऐसी आशा है कि इस वर्ष के अन्त तक हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन का उत्पादन काफी बढ़ जायेगा और बोकारो इस्पात कारखाने के 31 मार्च, 1968 तक के प्रदान कार्यक्रम में हुई देरी को बहुत अंश तक पूरा कर दिया जायेगा। कम्पनी का कुल घाटा 25.57 करोड़ रुपये है।

माइनिंग एण्ड एलाइड मशीनरी कारपोरेशन लिमिटेड, दुर्गापुर

यह कारखाना विभिन्न कोयला खनन उपकरणों, जैसे वाहक कोयला काटने वाला और संयुक्तक आदि के निर्माण के लिये लगाया है। यह कारखाना सोवियत सहायता से लगाया गया है। यह कारखाना अन्तिम चरण में प्रतिवर्ष 45,000 टन कोयला-खनन मशीनों के निर्माण के लिए रूपांकित किया गया है। कारखाने की इमारत बन गई है और उसमें सभी मशीनें लगाई जा चुकी हैं।

वर्ष 1967-68 में विक्रेय माल का कुल उत्पादन 5,076 टन था, जिसका मूल्य 2.26 करोड़ रुपये था। वर्ष 1968-69 में, जनवरी, 1969 तक, 126.69 लाख रुपये के 3410.3 टन विक्रेय माल का उत्पादन हो चुका था। वर्ष 1967-68 में कुल 9.18 करोड़ रुपये के आर्डर मिले थे और 2968.9 टन माल की डिलीवरी हुई जिसका मूल्य 1.37 करोड़ रुपये था। जनवरी, 1969 के अन्त में कुल 21.21 करोड़ रुपये के आर्डर थे। दिसम्बर, 1968 तक इस वर्ष में 2,556.8 टन माल की डिलीवरी हुई जिसका मूल्य 77.81 लाख रुपये था।

इस वर्ष कम्पनी ने हल्दिया बन्दरगाह के मशीनीकरण के लिए उपकरण बनाने और सप्लाई करने का काम लिया है।

इस कारखाने की उत्पादन क्षमता तीसरी और चौथी पंचवर्षीय योजनाओं में कोयले के लिए निर्धारित क्रमशः 760 लाख टन और 1360 लाख टन के मूल लक्ष्यों पर आधारित थी। कोयले के ये लक्ष्य पूरे नहीं हुए और फलतः इस कारखाने को उन उपकरणों के लिए आर्डरों की कमी रही है, जिनके निर्माण के लिए यह बनाया गया था। चौथी योजना में कोयले के लक्ष्य पर पुनर्विचार के बाद अब इस कम्पनी द्वारा कोयला खनन उपकरणों के बड़ी मात्रा में उत्पादन की सम्भावना नहीं है। कारखाना उत्पाद-भिन्नता के लिए कई कदम उठा रहा है और बल्क-हैण्डलिंग जैसे उपकरणों के उत्पादन की दिशा में बढ़ रहा है।

मार्च 1968 में एक रूसी विशेषज्ञ दल ने कारखाने का दौरा किया और समस्याओं का अध्ययन करने के बाद कारखाने की क्षमता के उपयोग एवं उत्पादन में सुधार के लिए कई सिफारिशें की हैं। ये सिफारिशें स्वीकार कर ली गई हैं और लागू की जा रही हैं।

31 मार्च, 1968 तक कम्पनी का कुल घाटा 14 करोड़ रुपये था और वर्ष 1968-69 में 6 करोड़ का और घाटा होने का अनुमान है।

भारत हैवी प्लेट्स एण्ड वेसेल्स लिमिटेड

भारत हैवी प्लेट्स एण्ड वेसेल्स लिमिटेड, 23,210 टन क्षमता की एक सरकारी कम्पनी है जो कि खाद, पेट्रो-केमिकल एवं अन्य रासायनिक उद्योगों के लिये आवश्यक उपकरणों के निर्माण के लिए विशाखापत्तनम में एक कारखाना लगाने के लिए बनाई गई है। यह कारखाना चेक सहायता से बनाया जा रहा है। शुरू में 3.9 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा के व्यय का अनुमान था जिसका भुगतान प्रथम चेक क्रेडिट से होना था। अब चूंकि आयात किए जाने वाले कुछ उपकरणों को देश में ही प्राप्त करना सम्भव हो गया है, अतः विदेशी मुद्रा का व्यय कम होकर 2.5 करोड़ रुपये हो गया है। कुछ सन्तुलन उपकरणों को चेकोस्लोवाकिया की वजाय अन्य देशों से आयात करना पड़ेगा।

अपनी स्थापना के बाद से कम्पनी ने प्रायोजना को पूरा करने के लिए कई प्रभावशाली कदम उठाए हैं। मुख्य भवन की नींव का निर्माण, कुछ शीटिंग-कालम्स छोड़कर लगभग पूरा हो गया है। कारखाने और कार्यालय भवन, शिक्षण-केन्द्र और प्रयोगशाला-भवन, का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। तकनीकी सहायता के लिये मेसर्स स्कोदाएक्सपोर्ट के साथ एक समझौते पर 27 फरवरी 1968 को हस्ताक्षर किये गये। 9 इंजीनियरों का पहला दल चेकोस्लोवाकिया में 6 माह के प्रशिक्षण के बाद नवम्बर, 1968 में वापस लौटा है। 5 इंजीनियरों का दूसरा दल अक्तूबर, 1968 में 6 माह के प्रशिक्षण के लिए चेकोस्लोवाकिया रवाना हुआ। मेसर्स स्कोदाएक्सपोर्ट के साथ 200 लाख रुपये के मूल्य के उपकरणों की सप्लाई के लिए 2 अगस्त 1968 को एक और समझौता किया गया है। 24 लाख रुपये के मूल्य के उपकरण कारखाने की जगह पर पहुंच चुके हैं। मार्च 1969 के अन्त तक 130 लाख रुपयों के मूल्य के उपकरणों की दूसरी किस्त के पहुंचने की आशा है। अगले कुछ माह में कम्पनी द्वारा कुछ उपकरणों का उत्पादन शुरू किए जाने की आशा है। बोकारो स्टील लिमिटेड को 7.5 लाख रुपये के उपकरणों की सप्लाई का आर्डर कम्पनी को मिल चुका है।

त्रिवेणी स्ट्रक्चरल्स लिमिटेड

त्रिवेणी स्ट्रक्चरल्स लिमिटेड, भारत सरकार और आस्ट्रिया के मेसर्स वोएस्ट का सांझा उपक्रम है। यह इलाहाबाद के निकट नैनी में स्थित है। कम्पनी की स्थापना जुलाई, 1965 में भवनों के भारी इस्पात ढांचे और दूसरे कामों-जैसे क्रेन-प्लेट वर्क, स्टोरेज टैंक, ट्रांसमिशन टावर, बड़े पुल, एल० डी० कनवर्टर आदि बनाने के लिए हुई थी। कारखाने की क्षमता 25000 टन प्रतिवर्ष रखी गई है। इस प्रायोजना पर लगभग 5.74 करोड़ रुपये व्यय होने का अनुमान है।

इस उपक्रम में साझीदार आस्ट्रिया के मेसर्स वोएस्ट का इसमें 49 प्रतिशत हिस्सा है। बाकी 51 प्रतिशत हिस्सा भारत सरकार का है। कम्पनी की आरम्भिक अधिकृत पूंजी 2 करोड़ रुपये थी। विदेशी साझीदार के 98 लाख रुपये के शेयरों में से 20 लाख रुपये के शेयर तकनीकी जानकारी देने के लिए दिए गए हैं। शेष 78 लाख रुपये की राशि का उपयोग आवश्यकतानुसार उपकरणों के आयात के लिए किया जाता है।

कारखाने की जगह की उन्नति, सड़कों और कारखाने के भवन का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। अधिकांश उपकरणों के लिए आर्डर दिए जा चुके हैं और लगभग 10 प्रतिशत यन्त्र लगाए जा चुके हैं। निर्माण के विभिन्न क्षेत्रों, जैसे, जल और बिजली की सप्लाई, सड़कें, रेलवे साइडिंग, टेलीफोन आदि, में भी संतोष-प्रद प्रगति हो रही है।

तुगंभद्रा स्टील प्रोडक्ट्स लिमिटेड

तुगंभद्रा स्टील प्रोडक्टस लिमिटेड, जो अभी हाल तक मैसूर और आंध्र सरकारों का संयुक्त प्रयास था, अब हाइड्रालिक इस्पात ढांचे, पेनस्टाक पाइप, क्रेन और अन्य ढांचे बना रहा है। भारत सरकार ने सन् 1967 में इस कम्पनी में 51लाख रुपये लगा कर प्रबन्धक-अधिकार प्राप्त कर लिया है। कम्पनी ने नदी घाटी योजनाओं के हाइड्रालिक इस्पात ढांचे, पेनस्टाक (बाढ़ के दरवाजे) वगैरह के निर्माण में काफी अनुभव प्राप्त कर लिया है।

वर्ष 1967-68 में उत्पादन 1,050 टन था जिसका मूल्य 64.43 लाख रुपये था। वर्ष 1968-69 में 104.65 लाख रुपये के 2,424 टन उत्पादन का अनुमान है। नदी घाटी योजनाओं के लिए दरवाजे आदि के निर्माण के अलावा कम्पनी ने भवन के ढांचे, ट्रांसमिशन टावर बनाने और जस्ता चढ़ाने का काम भी शुरू किया है।

चौथी योजना के दौरान कम्पनी की अधिष्टापित क्षमता का 50 प्रतिशत विस्तार कर ने का विचार है। कम्पनी ने एक दूसरी जगह 89 एकड़ भूमि प्राप्त की है जिसमें गैलवनाइजिंग प्लांट लगाया गया है और 171 एकड़ भूमि प्राप्त की जा रही है। नए स्थलों पर चौथी योजना के दौरान हल्के ढांचे, भारी ढांचे और मशीन बनाने की इकाइयों के लिए शेड बनाने का विचार है।

कम्पनी ने हाल में ही उत्पादन शुरू किया है और वर्ष 1968-69 के लिए 5,000 टन उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। कम्पनी को 24,000 टन विभिन्न प्रकार के इस्पात ढांचों की सप्लाई और उन्हें लगाने का आर्डर मिल चुका है, जो कि कम्पनी को अगले 2-3 वर्षों तक व्यस्त रखेगा।

परिशिष्ट

वर्ष 1968 की अवधि में पिण्ड-उत्पादन

(टन)

उत्पादक 1	बेसिक 2	विद्युत भट्ठी 3	योग 4
टाटा आइरन एण्ड स्टील कं० लिमिटेड	1,816,675	16,776	1,833,451
इण्डियन आइरन एण्ड स्टील कं० लिमिटेड . .	765,409	—	765,409
मैसूर आइरन एण्ड स्टील लिमिटेड .	40,092	71,841	111,933
राउरकेला इस्पात कारखाना .	1,163,870	—	1,163,870
भिलाई इस्पात कारखाना .	1,714,500	—	1,714,500
दुर्गापुर इस्पात कारखाना .	791,721	—	791,721
योग (i)	6,292,267	88,617	6,380,884
अन्य			
भारतीय इलेक्ट्रिक कं० लिमिटेड .	—	1,120	1,120
नेशनल आइरन एण्ड स्टील कं० लिमिटेड . .	—	—	—
वेस्ट कीन, विलियम्स लिमिटेड .	—	37,714	37,714

1	2	3	4
मुकुन्द आइरन एण्ड स्टील वर्कस लिमिटेड	—	5,734	5,734
सिंह इंजीनियरिंग वर्क्स (प्राइवेट) लिमिटेड . .	—	12,503	12,503
जे० के० आइरन एण्ड स्टील कं० लिमिटेड (कानपुर)	—	9,548	9,548
हिन्दुस्तान आइरन एण्ड स्टील कं० .	—	—	—
स्टील रोलिंग मिल्स आफ हिन्दुस्तान (प्राइवेट) लिमिटेड	—	159	159
आन्ध्र स्टील कारपोरेशन .	—	306	306
योग (ii)		67,084	67,084
महायोग (i और ii)	6,292,267	1,55,701	6,447,968

1. विक्रेय कच्चे लोहे का उत्पादन

(हजार टन)

उत्पादन	1967	1968
टिस्को	1.0	0.9
इस्को	177.5	325.3
मैसूर	—	—
राउरकेला . . .	58.9	122.7
भिलाई	635.5	612.7
दुर्गापुर	210.8	373.8
इण्डस्ट्रियल डेवलपमेण्ट कारपोरेशन .	24.2	26.8
ऐक्मे	—	—
योग	1,107.9	1,462.2

2. विद्युत भट्टियों का पिण्ड उत्पादन

(हजार टन)

मुख्य उत्पादक 1	1967 2	1968 3
टाटा	19.1	16.8
मैसूर	44.6	71.8
योग (i)	63.7	88.6
अन्य		
भारतीय . . .	2.2	1.1
नेशनल	10.1	—
गेस्ट कीन विलियम्स . .	36.4	37.7

1	2	3
मुकुन्द	6.1	5.7
सिंह	6.7	12.5
जे० के० . . .	9.5	9.6
हिन्दुस्तान . . .	—	—
हिन्दुस्तान की इस्पात बेलन मिलें .	—	0.2
आन्ध्र	—	0.3
योग (ii) . .	71.0	67.1
महायोग (i और ii)	134.7	155.7

2(क) तैयार इस्पात का उत्पादन उत्पादक-अनुसार

(हजार टन)

उत्पादक	1967	1968
टिस्को	1,015.0	1,003.1
इस्को	489.6	494.3
मैसूर	58.3	75.7
राउरकेला . . .	582.5	716.3
भिलाई	660.0	840.3
दुर्गापुर	380.6	332.7
(i) योग (मुख्य उत्पादक)	3,186.0	3,492.4
गौण उत्पादक . . .	142.9	160.9
तार बनाने वाली इकाइयां .	104.5	157.1
बिलेट पुनर्बेलक . .	604.4	453.3
रद्दीमाल पुनर्बेलक . .	125.0	128.5
टी० ए० एस० निर्माता . .	—	33.3
(ii) योग (अन्य उत्पादक)	976.8	†942.9
महायोग (i और ii)	4,162.8	4,435.3

†कुछ इकाइयों से पूर्ण जानकारी प्राप्त न होने के कारण आंकड़े अस्थायी हैं।

2(ख) तैयार इस्पात का उत्पादन-वर्गानुसार

(हजार टन)

किस्म 1	1967 2	1968 3
हल्के और मध्यम संरचनात्मक	602.6	622.6
भारी संरचनात्मक	200.3	278.8
रेल की भारी पटरियां		
(1) प्रथम श्रेणी	290.0	284.3
(2) द्वितीय श्रेणी	93.1	129.9
रेल की हल्की पटरियां	5.1	5.0
काली चादरें (नालीदार)	24.6	2.7
काली चादरें (सादी)		
(1) गर्म बेलित	232.1	209.7
(2) ठण्डी बेलित	79.2	83.5
जस्ती चादरें (सादी)	13.1	35.6
जस्ती चादरें (नालीदार)	35.6	131.5
प्लेटें	329.4	357.8
छड़ें	1,130.1	907.1
गोल छड़ें	451.2	479.1
काले तार	48.5	63.6
लोहे के जस्ती तार	33.0	44.8
दूसरी तरह के तार	23.0	48.7
हूप्स	9.4	4.6
पट्टियां (स्ट्रिप्स)		
(1) गर्म बेलित	163.6	213.4
(2) ठण्डी बेलित	514.4	78.2
बाक्स स्ट्रैपिंग्स (पेटी पट्टक)	—	2.1

1	2	3
इस्पात के स्लीपर . . .	57.5	67.1
टिन की प्लेटें . . .	78.2	90.7
स्केल्प . . .	141.1	189.7
स्लिट क्वायल्स . . .	10.5	2.8
पहिए, टायर एवं धुरे . .	43.0	43.8
स्पेशल सेक्शन . . .	18.2	14.1
टी० ए० एस० . . .	—	33.3
योग	4,162.8	†4,435.3

†कुछ इकाइयों से पूरे आंकड़े प्राप्त न हो सकने के कारण आंकड़े अस्थायी हैं।

3. वर्ष 1967 की अवधि में पिण्ड-उत्पादन

(टन)

उत्पादक 1	बेसिक 2	विद्युत भट्ठी 3	योग 4
टाटा आइरन एण्ड स्टील कं० लिमिटेड .	1,930,323	19,061	1,949,384
इण्डियन आइरन एण्ड स्टील कं० लिमिटेड .	821,272	—	821,272
मैसूर आइरन एण्ड स्टील लिमिटेड .	43,792	44,632	88,424
राउरकेला इस्पात कारखाना .	864,579	—	864,579
भिलाई इस्पात कारखाना .	1,849,550	—	1,849,550
दुर्गापुर इस्पात कारखाना .	743,155	—	743,155
योग (i) .	6,252,671	63,693	6,316,364
अन्य			
भारतीय इलेक्ट्रिक स्टील कम्पनी लिमिटेड .	—	2,228	2,228
नेशनल आइरन एण्ड स्टील कं० लिमिटेड .	—	10,123	10,123

1	2	3	4
गेस्ट, कीन विलियम्स लिमिटेड .	—	36,429	36,429
मुकुन्द आइरन एण्ड स्टील वर्क्स लिमिटेड .	—	6,075	6,075
सिंह इंजीनियरिंग वर्क्स (प्राइवेट) लिमिटेड .	—	6,630	6,630
जे० एण्ड के० आइरन एण्ड स्टील कं० लिमिटेड (कानपुर)	—	9,520	9,520
हिन्दुस्तान आइरन एण्ड स्टील कं० .	—	—	—
हिन्दुस्तान (प्राइवेट) लिमिटेड की इस्पात बेलन मिलें .	—	—	—
आन्ध्र स्टील कारपोरेशन . .	—	—	—
योग (ii)	—	71,005	71,005
महायोग (i और ii)	6,252,671	134,698	6,387,369

वर्ष 1966-67, 1967-68 और 1968-69 (अक्तूबर, 1968 तक)
में लौहे और इस्पात और लोह मिश्र धातुओं का आयात

(मात्रा मीटरी टनों में और मूल्य हजार रुपयों में है)

वर्ग	1966-67		1967-68		1968-69 (अक्तूबर 1968 तक)	
	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य
1. कच्चा लोहा, स्पंज लोहा, स्टील पाउडर और चादर लौह मिश्र-धातु .	1,869	1,247	320	715	154	335
2. डले और अन्य प्रारम्भिक किस्में	1,990	2,396	379	876	40	91
3. संरचनात्मक . .	13,576	15,600	3,547	4,379	1,559	2,033
4. ब्लूम, बिलेट आदि .	22,324	28,877	20,713	26,262	13,216	15,458
5. टिन प्लेट चद्दरें .	40,035	55,603	66,242	84,454	29,869	37,859
6. प्लेटें . .	39,256	43,515	58,354	71,093	26,529	31,281
7. चादरें . .	1,29,625	1,75,543	1,24,060	1,84,482	57,989	80,529

8. वायर रॉड . .	8,606	10,775	17,190	18,411	12,375	14,189
9. छड़ . .	42,274	52,433	59,734	83,110	21,851	29,893
10. हूप और स्ट्रिप . .	17,026	27,331	20,623	37,887	8,442	14,672
11. तार . .	16,087	26,173	15,800	26,012	3,972	8,500
12. ढली और गढ़ी वस्तुएं .	15,233	74,454	15,185	71,718	5,660	24,951
13. रद्दी माल . .	7,902	6,505	13,687	16,490	5,407	4,445
14. मिश्र-धातु . .	1,820	8,125	2,976	22,008	1,339	11,190
15. औजारी और मिश्र-इस्पात	85,552	2,35,084	81,704	2,71,353	40,347	1,28,961
16. रेल की पटरी और रेलवे के निर्माण में काम आने वाला सामान .	623	451	518	1125	307	1,260
17. पहिए, टायर और घुरे .	7,322	13,591	2,512	6,270	3,367	5,922
जोड़ . .	4,41,120	7,77,703	5,03,544	9,26,645	2,32,423	4,11,569

M1MorS&HEng./68—1,560—19-4-69—GIPF.